Roll No. .... Total Pages : 4

13635/NH

A/2111

HINDI SAHIT

Option–(i)

Semester–I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड-क

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न की व्याख्या कीजिए : 9
   (क) आदिकाल का नामकरण क्या हो? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
   (ख) रासो काव्य परंपरा का संक्षिप्त परिचय देते हुए रासो काव्य परंपरा के काव्यों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न की व्याख्या कीजिए : 8
   (क) क्रिया विशेषण की परिभाषा एवं प्रयोग के आधार पर क्रिया विशेषण के भेद उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
   (ख) सर्वनाम की परिभाषा तथा उसके भेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-ख

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न की व्याख्या कीजिए : 9
   (क) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का परिचय दीजिए।
   (ख) ''प्रेम पथिक'' रचना का सारांश लिखिए।

4. निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5
   (क) मानस सागर के तट पर
   क्यों लोल लहर की घातें
   कल कल ध्वनि से हैं कहती
   कुछ विस्मृत बीती बातें।
   (ख) भारत माता ग्रामवासिनी।
   खेतों में फैला है श्यामल
   धूल भरा मैला सा आँचल,
   गंगा यमुना में आँसू जल,
   मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी।

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न की व्याख्या कीजिए : 9

(क) थके पाँव उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) भगवती चरण वर्मा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) लड़खड़ाते पैरों से वह चल रहा है जैसे उसकी सारी ताकत छिन रही है। उसकी बड़ी-बड़ी मूछें झुकी हुई हैं और वह अजीब तरह से बदरंग दिख रही है। आधी सफेद और आधी काली झुर्रियों से भरे चहरे की असुंदरता को ढकने में वे असमर्थ हैं।

(ख) वह लड़खड़ाते पैरों से अपने घर की ओर बढ़ रहा है जो अब उसे दिखाई दे रहा है। वह दो मील का रास्ता तय किए हुए आ रहा है। कुछ कदम और चलने है उसे।

खण्ड-ग

5. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 15×2=30

(i) आदिकाल को आधार काल नाम किसने दिया?

(ii) आदिकाल की स्वीकृत समय सीमा क्या है?

(iii) नाथ सम्प्रदाय का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(iv) हठयोग को अपनी साधना पद्धति का अनिवार्य अंग किसने बनाया?

(v) रास परंपरा का प्रारंभ ग्रंथ किसे माना जाता है?

(vi) भारत माता कविता में भारत माता का आँचल कैसा दिखता है?

(vii) भारत माता को किसकी प्रकाशिनी बताया गया है?

(viii) ''भारत माता'' रचना के अनुसार पैसे बोकर कवि ने क्या कल्पना किया?

(ix) सुमित्रानन्दन पंत जी का मूल नाम क्या है?

(x) जयशंकर प्रसाद के कोई चार प्रसिद्ध नाटक बताइए।

(xi) भिक्षुक रचना किसकी है?

(xii) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम बताइए।

(xiii) विगत प्यार किसकी रचना है?

(xiv) केदारनाथ सिंह की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम बताइए।

(xv) ''मेरा चेहरा उदास'' किसकी रचना है?